Roll No.

Total No. of Questions: 28]

**13**

[Total No. of Printed Pages: 08

# 901

## कक्षा 9 वीं परीक्षा, 2018

# HINDI SPECIAL

## हिन्दी विशिष्ट

Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 100

*निर्देश :—*

*(i) आरंभ में दिये गये वस्तुनिष्ठ प्रश्न सर्व प्रथम हल करें।*

*(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये 5 अंक (1X5X5=25) निर्धारित हैं।*

*(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिये 2–2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द हैं।*

*(iv) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिये 3–3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।*

*(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के लिये 4–4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।*

*(vi) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिये 5–5 अंक निर्धारित हैं।*

*(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिये (7+3) 10 अंक निर्धारित हैं।*



https://www.evidyarthi.in/

प्र.1 उचित शब्द का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये – (1×5=5)

(i) मीराबाई को.............................................................. रत्न प्राप्त हो गया था। (रामरूपी / कृष्णरूपी)

(ii) कवि घनानन्द की प्रेमिका का नाम .............................................................. था। (सुजान / मोहिनी)

(iii) वीर रस का स्थाई भाव .............................................................................................. है। (शोक / उत्साह)

(iv) .............................................................. को स्वर्ण युग कहा जाता है। (भक्तिकाल / आधुनिक काल)

(v) प्रकृति का सुकोमल कवि ............................................... हैं। (सुमित्रानन्दन पंत / जयशंकर प्रसाद)

प्र.2 सही विकल्प चुनकर लिखिये – (1×5=5)

(i) मित्र का विलोम शब्द होगा –

(अ) सखा (ब) शत्रु

(स) पिता (द) पुत्र

(ii) चौपाई के प्रत्येक चरण में मात्रायें होती हैं –

(अ) 12 (ब) 16

(स) 15 (द) 24

(iii) रामचरित मानस के रचयिता हैं –

(अ) वेदव्यास (ब) सूरदास

(स) तुलसीदास (द) कबीर दास

(iv) आयुर्वेद चिकित्सा शास्त्र के विद्वान थे –

(अ) जीवक (ब) भास

(स) कालिदास (द) कण्व

(v) जिसकी ईश्वर में आस्था हो–उसे कहते हैं –

(अ) आस्तिक (ब) नास्तिक

(स) बौद्धिक (द) सात्विक

प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिये – (1+1+1+1+1=5)

(i) पन्ना धाय ने किसके प्राणों की रक्षा की?

(ii) वेदों के कितने प्रकार हैं?

(iii) स्वामी विवेकानन्द के बचपन का नाम क्या था?

(iv) सोनभद्र नदी कहाँ बहती है?

(v) सम्राट बिम्बसार के पुत्र का नाम क्या था?



https://www.evidyarthi.in/

प्र.4 सही जोड़ी बनाइये – (1×5=5)

| | (क) | | (ख) |
|---|---|---|---|
| (i) | दीपदान | – | सुरपति |
| (ii) | इन्द्र का पर्याय | – | नारियल |
| (iii) | रसात्मकं वाक्यं | – | दुराचार |
| (iv) | सदाचार का विलोम | – | केला |
| (v) | मांगलिक द्रव्य | – | आचार्य विश्वनाथ |
| | | – | एकांकी |

प्र.5 निम्नलिखित वाक्यों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये – (1+1+1+1+1=5)

(i) वर्णिक छन्दों में मात्रा की गणना की जाती है।

(ii) एक अंक वाला दृश्य काव्य एकांकी कहलाता है

(iii) पंचवटी गोदावरी नदी के किनारे स्थित है।

(iv) पृथ्वी को सूर्य की परिक्रमा करने में 365 दिन लगते हैं।

(v) सूरदास रामभक्ति शाखा के कवि हैं।

प्र.6 यशोदा माँ बालक कृष्ण को किस प्रकार संवारती है? (2)

**अथवा**

कौऐ के भाग्य की सराहना कवि रसखान ने क्यों की हैं?

प्र.7 कवि रहीम के अनुसार सच्चे मित्र की क्या पहचान है? (2)

**अथवा**

रहीम ने बुरे दिनों में चुप रहने की बात क्यों की है?



evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/

प्र.8 कवि ने धरती में क्या बोया था? (2)

**अथवा**

कृष्ण और सुदामा कौन थे?

प्र.9 निशीथ का दिया क्या ला रहा है? (2)

**अथवा**

हमारा अतिशय मान किसने किया है?

प्र.10 कवि घर पर किसके द्वारा सन्देश देना चाहता है? (2)

**अथवा / OR**

कवि अज्ञेय ने अपनी माँ की किन विशेषताओं की ओर संकेत किया है?

प्र.11 लहरों में तैरने वालों को क्या मिलता है? (2)

**अथवा**

पानी में जो अमृत वाला तत्व हैं उसे कौन जानता है?

प्र.12 स्वंयजात वन किसे कहते हैं? (2)

**अथवा**

सुन्दर वन किसे कहा जाता है?

प्र.13 "बहू की विदा" एकांकी में किस सामाजिक कुरीति के बारे में बताया गया है? (2)

**अथवा**

पन्ना कौन थी?

प्र.14 निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिये – (2)

(i) नौ दो ग्यारह हो जाना

(ii) ऊँट के मुँह में जीरा



https://www.evidyarthi.in/

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त प्रत्यय लिखिये –

(i) लकड़हारा

(ii) प्रसन्नता

प्र.15 हिन्दी के प्रमुख दो महाकाव्यों के नाम लिखिये व उसके रचनाकार का नाम लिखिये। (2)

**अथवा**

भक्तिकाल को कितनी धाराओं में बाँटा गया है? प्रत्येक के एक–एक कवि का नाम लिखिये।

प्र.16 माल्यवन्त कौन था? (2)

**अथवा / OR**

"तात राम नहिं नर भूपाला" कथन किसने किससे कहा?

प्र.17 वात्सल्य रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें। (3)

**अथवा**

अनुप्रास अंलकार की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिये।

प्र.18 लेखक ने व्यायाम के लाभ क्या–क्या बताये हैं? (3)

**अथवा**

संसार में सफलता की कसौटी क्या है?

प्र.19 मध्य प्रदेश की तीन (क्षेत्रीय) बोलियों के नाम बताइये। (3)

**अथवा**

निम्न शब्दों के तत्सम रूप लिखिये –

रात, आँसू, मुँह



https://www.evidyarthi.in/

प्र.20 खण्डकाव्य व महाकाव्य में अन्तर बताइये ? (4)

**अथवा**

रस किसे कहते हैं? रस के प्रकार व उनके स्थायी भावों को लिखिये।

प्र.21 आदिकाल किसे कहा जाता है? उसके प्रमुख 2 कवियों के रचनाओं सहित नाम लिखिये? (4)

**अथवा**

जीवनी व आत्मकथा में अन्तर स्पष्ट कीजिये।

प्र.22 रहीमदास अथवा मीरा बाई का काव्यगत परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिये – (4)

(i) दो रचनायें

(ii) भाव पक्ष – कलापक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.23 प्रेमचन्द अथवा शरद जोशी का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिये – (4)

(i) दो रचनायें

(ii) भाषा – शैली

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.24 निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश की सन्दर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिये – (4)

भारत नदियों का देश रहा है। इसलिये नहीं कि इस देश में नदियों की ही अधिकता है। बल्कि इसलिये कि इस देश में नदियों का विशेष रूप से सम्मान हुआ है। वे हमारे जीवन में बहुत महत्व रखती हैं। नदियों से ही हमारा आर्थिक, सामाजिक और आध्यात्मिक जीवन समृद्ध हुआ है।

**अथवा**

साहस की जिन्दगी सबसे बड़ी जिन्दगी होती है। ऐसी जिन्दगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि यह बिलकुल निडर, बिलकुल बेख़ौफ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिन्ता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं। जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है। मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है।



https://www.evidyarthi.in/

प्र.25 निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश की सन्दर्भ प्रसंग विशेष सहित व्याख्या कीजिये – **(4)**

मैंने छुटपन में पैसे बोये थे
सोचा था पैसों के प्यारे पेड़ उगेंगे,
रूपयों की कलदार, मधुर फसलें खनकेंगी,
और फूल फूल कर मैं मोटा सेठ बनूँगा।

**अथवा**

धूरि भरे अति शोभित स्यामजू, तैसी बनी सिर सुन्दर चोटी।
खेलत खात फिरैं अंगना, पग पैंजनी बाजति पीरी कछोटी।
वा छवि को रसखनि विलोकत, वारत काम कला निधि कोटी।
काग के भाग बड़े सजनी, हरि–हाथ सौं ले गयो माखन–रोटी।

प्र.26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये – **(2+1+1+1=5)**

आलस्य मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। जो व्यक्ति आलसी होता है वह सदा अपने को असहाय सा महसूस करता है। जरा सी मुसीबत आने पर उसके हाथ पांव फूल जाते हैं। वह ईश्वर को पुकारने लगता है। आलसी मनुष्य अपनी दृष्टि में भी दीन हीन बन जाता है। वह समाज की नजरों में भी गिर जाता है। एक समय ऐसा आता है कि वह अपनी आदत को चाहकर भी नहीं बदल सकता। आलस्य न करने वाले विद्यार्थी ही सफल होते हैं। इसलिये आलस्य छोड़ कर कर्म करना चाहिये।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिये?

(ख) मनुष्य अपने को असहाय क्यों महसूस करता है?

(ग) मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु कौन है?

(घ) विद्यार्थी जीवन मे सफल होने के लिये क्या आवश्यक है?



https://www.evidyarthi.in/

प्र.27 अपने पिताजी को अपनी परीक्षा की तैयारी व अध्ययन में आने वाली कठिनाइयों के बारे में उल्लेख करते हुये पत्र लिखिये? (5)

**अथवा**

शुल्क मुक्ति हेतु अपने प्राचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिये?

प्र.28 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में सारगर्भित निबन्ध लिखिये – (7)

(i) राष्ट्रीय एकता

(ii) जल संरक्षण का महत्व

(iii) कम्प्यूटर शिक्षा

(iv) मेरे सपनों का भारत

(v) विज्ञान से हानि व लाभ

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिये – (3)

(i) नारी शिक्षा का महत्व

(ii) जीवन में खेलों का महत्व

(iii) वृक्षारोपण हमारे जीवन के लिये जरूरी

.....................................................



https://www.evidyarthi.in/